प्रेस नोट दिनांक 23.02.2025

थाना-इज्जतनगर जनपद-बरेली

थाना इज्जतनगर,बरेली पुलिस द्वारा नाबालिग बच्चियों के साथ गलत व्यवहार करने के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में किया गया गिरफ्तार,कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस बरामद

दिनांक 23.02.2025 को थाना इज्जतनगर पर मुनब्बर हुसैन पुत्र अब्दुल हसन निवासी मो0 शिकारपुर चौधरी थाना इज्जतनगर,बरेली द्वारा दो नाबालिग बच्चियों के साथ गलत काम करने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई । प्राप्त सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 154/2025 धारा 65(2) बीएनएस व 5 एम/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया ।

प्रभारी निरीक्षक इज्जतनगर द्वारा पुलिस टीम के साथ चौकी अहलादपुर क्षेत्रान्तर्गत लालपुर चौराहा के पास ब्ल्यू डायमंड होटल के पीछे दिनांक 23.02.2025 को अभियुक्त मुनब्बर हुसैन पुत्र अब्दुल हसन निवासी मो0 शिकारपुर चौधरी थाना इज्जतनगर, बरेली द्वारा गिरफ्तारी के दौरान पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। जिसमें पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्त मुनब्बर हुसैन दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हुआ है । घायल अवस्था में अभियुक्त को मय 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस गिरफ्तार कर उपचार हेतु जिला अस्पताल बरेली भेजा गया है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>पूछताछ का विवरण-</u>

अभियुक्त मुनब्बर हुसैन मंसूरी उपरोक्त ने पूछंताछ पर बताया कि पीड़िता के पिता के साथ वह कारपेंटर का काम करता था, जिसके चलते परिवार से परिचित था और इनके घर पर अक्सर आना-जाना रहता था। उसे यह भी जानकारी थी कि दोपहर के समय पीड़िता के पिता काम पर रहते हैं साथ ही माता भी घरों में घरेलू काम करने के लिए चली जाती हैं और इस दौरान घर पर केवल दोनों लड़की ही होती हैं। इसलिए आज वह दोपहर के वक्त चुपचाप इनके घर पर पहुंचा, पहले उसने बड़ी लड़की से पानी मांगा और इसी दौरान दोनों लड़कियां के साथ छेड़छाड़ की और जब वह बड़ी लड़की के साथ गलत काम कर रहा था कि तभी अचानक उनकी मां घर पर आ गई और वह वहां से भाग आया। बताया कि वह फरार होने की फिराक में था कि पुलिस को किसी तरह भनक लग गई और पकड़े जाने से बचने के लिए पुलिस पर फायर किया तो पुलिस ने भी बचने को उसे पैर में गोली मारकर पकड़ लिया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

मुनब्बर हुसैन पुत्र अब्दुल हसन निवासी मो0 शिकारपुर चौधरी थाना इज्जतनगर, बरेली

<u>बरामदगी-</u>

01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस

<u>पुलिस टीम-</u>

1.प्रभारी निरीक्षक इज्जतनगर श्री विजेंद्र सिंह
2.उ0 नि0 श्री अनूप सिंह
3.उ0 नि0 श्री संजय कुमार
4.आरक्षी 323 धनीश सक्सेना
5.आरक्षी 216 विशाल सिंह
6.आरक्षी 218 अनुराग तिवारी